कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-02.04.2025

विषय:- थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा 02 नफ़र वाहन चोर 01- कन्हैया सोनकर व 02- सूरज गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का 01 अदद टोटो (ई-रिक्शा) व घटना में प्रयुक्त 01 अदद ऑटो बरामद ।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व में थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-155/25 धारा 303(2) बी0एन0एस0 व बढोत्तरी धारा 317(2) बी0एन0एस0 थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्तगण 01- कन्हैया सोनकर पुत्र अशोक सोनकर निवासी ग्राम रसुलगढ थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी व 02- सूरज पुत्र लल्लन प्रसाद निवासी रसूलगढ थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी को आज दिनांक-02.04.2025 समय करीब 02.45 बजे फरीदपुर अण्डरपास थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी का 01 अदद टोटो व घटना में प्रयुक्त 01 अदद ऑटो बरामद हुआ । उक्त गिरफ्तारी/बरादमगी के सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण-

दिनांक-01.04.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने अज्ञात अभियुक्त द्वारा उनका टोटो नं0-UP65NT2171 (सिल्वर कलर) को बुद्धा इण्टर नेसनल होटल के सामने से चोरी कर लेने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना सारनाथ में मु0अ0सं0-155/25 धारा 303(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 देवेन्द्र सिंह द्वारा संपादित की जा रही है।

विवरण पूछताछ- दोनों अभियुक्तगण कन्हैया सोनकर व सूरज ने पूछताछ करने पर बताया कि यह ऑटो हमारे ही एक साथी जो कि अंधेरा का फायदा उठा कर भाग गया है उसके भाई का है तथा ये टोटो हम तीनों लोगों ने मिलकर कल बुद्धा इण्टरनेशनल होटल के सामने से चुराया था, जिसे हम लोगों ने ग्राम सुल्तानपुर के पास रेलवे लाइन के किनारे सूनसान जगह देखकर छिपा दिया था। इस टोटो को चुराने में हमने इसी ऑटो का इस्तेमाल किया था। आज हम लोग अपने साथ बेचने के इरादे से लेकर जा रहे थे कि आप लोगों ने हम दोनों को पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

01. कन्हैया सोनकर पुत्र अशोक सोनकर निवासी ग्राम रसुलगढ थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी, उम्र करीब 23 वर्ष।

02. सूरज पुत्र लल्लन प्रसाद निवासी रसूलगढ थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी, उम्र करीब 28 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

फरीदपुर अण्डरपास थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी से, दिनांक-02.04.2025 समय करीब 02.45 बजे।

बरामदगी का विवरण-

चोरी का 01 अदद टोटो रजि0 नं0-UP65NT2171 (सिल्वर कलर) व घटना में प्रयुक्त 01 अदद ऑटो रजि0 नं0-UP65NT4324 बरामद।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 155/25 धारा 303(2), 317(2) बी0एन0एस0 थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

उ0नि0 जगदीश सिंह, उ0नि0प्र0 सौरव पति त्रिपाठी, उ0नि0प्र0 देवेन्द्र सिंह, उ0नि0 मुनिश चन्द्र दूबे, हे0का0 विनित कुमार सिंह व का0 अशोक कुमार यादव थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।